# बारिश होने से किसानों की फसलें हुई खराब

## मसूदा क्षेत्र में विशेष रूप से उड़द की फसलों में भारी नुकसान

**सरवाड़, (निसं)।** शहर सहित आस-पास के गांवों में दोपहर बाद तेज गर्जना के साथ बारिश होने से खेतों खलियान में पड़ी कटी हुई फसल खराब हो गई। बारिश होने से मूंग, ज्वार, बाजरा, उड़द तिल आदि फसलें खराब हो गई जिससे किसान चिंतित नजर आ रहा है। किसानों ने बताया कि फसलें खराब होने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। खेतों में पानी पानी भर गया जिससे कटी हुई फसलें भी बर्बाद हो गई।

मसूदा कस्बे सहित आस-पास के क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही कहीं रिमझिम तो कहीं मध्यम तेज बरसात हुई। वहीं गुरुवार रात्रि में भी लगातार रुक रुककर बरसात होती रही। शुक्रवार दोपहर से ही कस्बे सहित क्षेत्र में बादलों की गर्जना के साथ तेज मूसलधार बारिश हुई। वहीं दोपहर तक कभी मध्यम दर्जे की बरसात तो कभी रिमझिम बरसात होती रही जिससे संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। किसानों ने बताया कि ज्यादा बारिश से विशेष रूप से उड़द की फसलों में भारी नुकसान है।


बारिश होने से कटी हुई बाजरे की फसल पानी में तैरने लगी।

## छत से गिरकर मजदूर की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं.)।** शहर के सूरतगढ़ रोड पर बन रहे सरकारी मेडिकल कॉलेज की छत से गिरकर शुक्रवार को मजदूर की मौत हो गई। मजदूर कॉलेज के ए ब्लॉक में बनी बिल्डिंग की छठी मंजिल पर सीढ़ि यों के आगे बने छज्जे से सामान उतार रहा था। इसी दौरान छज्जे सहित वह नीचे आ गिरा। नीचे गिरते ही उसे आसपास के लोगों ने संभाला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर शिवनंदन

- **सामान उतारते समय छठी मंजिल से गिरा मजदूर**

कुमार बिहार के खगरिया में गांव सलीमपुर का रहने वाला था। वह पिछले कुछ समय से मेडिकल कॉलेज में मजदूरी कर रहा था। वह मेडिकल कॉलेज कैंपस में बने अस्थाई मकानों में रह रहा था। शुक्रवार सुबह वह अन्य दिनों की तरह मेडिकल कॉलेज में मजदूरी के लिए गया था।

सदर थाने के धर्मवीरसिंह ने बताया कि शिवनंदन मेडिकल कॉलेज के ए ब्लॉक में छठी मंजिल पर काम कर रहा था। वह छठी मंजिल पर सीढ़ि यों से ऊपर की तरफ बने छज्जे पर काम कर रहा था। इसी दौरान छज्जे सहित नीचे आ गिरा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो माह पहले मेडिकल कॉलेज की निर्माणाधीन बिल्डिंग में श्रीगंगानगर में शुगर मिल के पास रहने वाली ममता पत्नी नवीन की मौत हुई।

# छह करोड़ रूपये की ठगी करने का आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

## रियल स्टेट एण्ड ऐलाइट लिमिटेड कम्पनी के नाम पर वर्ष 2009 से 2015 तक की ठगी

**भरतपुर, (निसं)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने कामां क्षेत्र के लोगों से करीब 6 करोड़ की ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर गौरव श्रीवास्तव व जिला पुलिस अधीक्षक ष्यामसिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय हिम्मत सिंह एवं वृत्ताधिकारी वृत शहर सतीश वर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी रामनाथ सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक धारा सिंह मय जाप्ता द्वारा थाने में दर्ज प्रकरण के वांछित आरोपी बालकिशन पुत्र माधव सिंह जाति कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी जमालपुर थाना कौलारी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण में पांच आरोपी बनवारी लाल उर्फ बी.एल., शिवराम, जीतेन्द्र, बनवारीलाल व विजेन्द्रपाल सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण के वांछित आरोपियों की तलाश जारी है। बीएल कुशवाहा व उसके अन्य साथियों द्वारा गरिमा रियल स्टेट एण्ड ऐलाइट लिमिटेड कम्पनी के नाम पर वर्ष 2009 से 2015 तक भरतपुर जिला के कामां क्षेत्र के लोगों से धोखाधाडी पूर्वक फर्जकारी से करीब 6 करोड़ रूपये लेकर बदले में विभिन्न जगहों पर भूखण्ड देने का झूंठा वादा कर वर्ष 2015 में गरिमा रियल स्टेट एण्ड ऐलाइट लिमिटेड कम्पनी को बन्द कर दूसरे राज्यों में अन्य नाम से कम्पनी खोल ली गई। निवेशकों को ना तो उनका पैसा वापिस लौटाया गया और ना ही भूखण्ड दिये गये। मुलजिमानों द्वारा इस प्रकार की घटना को देष के विभिन्न राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ , मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में अंजाम दिया गया।

# एसडीएम की समझाइश के बाद शव लेने पर सहमति बनी

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना कोतवाली थाना इलाके के रामलीला मैदान चौराहे पर करंट लगने से कुल्फी बेचने वाले मृतक अशोक की मौत का मामला गरमा गया। गुसाई परिजनों ने शव लेने से इंकार करते हुए मांगों को लेकर अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए थे। मामले को लेकर तहसीलदार दिनेश शर्मा, बिजली विभाग एक्सईएन रामसिंह यादव सहित कोतवाल लक्ष्मीनारायण समझाइश की लेकिन मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। देवसेना अध्यक्ष लालचंद ने बताया कि नगरपालिका व बिजली विभाग की लापरवाही से मृतक अशोक की मौत हुई हैं।

हमारी प्रशासन से मांग है कि मृतक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा दिया जाए। बुजुर्ग माता पिता सहित बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी ली जाए। परिजनों में एक सरकारी नौकरी दी जाए, साथ ही दोषी प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई हो। घंटों बाद एसडीएम बृजेश गुप्ता मौके पर पहुंचकर धरना दे रहे लोगों से वार्ता कर चिरंजीवी दुर्घटना योजना का लाभ, पेंशन सहित सरकारी योजना का लाभ दिलाने को लेकर समझाइश की, जिसपर सहमति बनी। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान जिला पार्षद सुमित नानगवास, सरपंच सुरेश खैरवा, गजानंद सैनी, विजय माली सहित कई लोग मौजूद रहे।


नीमकाथाना कोतवाली पुलिस ने समझाइश कर मामला शांत कराया।

# टोंक में फसल खराब होने के कगार पर

**टोंक (नि.स.)।** जिला मुख्यालय सहित आस-पास क्षेत्रो में शुक्रवार को सुबह से ही बारिश का दौर चला और बारिश के चलते लोगों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हुए। बारिश की वजह से किसानों की फसले खराब होने की स्थिति में आने लगी है।

जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को सुबह से ही बारिश का दौर चलता रहा है और आसपास के गांवो में भी बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के चलते सुबह से लोग अपने रोजमर्रा के कार्यो को करने में परेशान होते नजर आएं। वही दोपहर तक बारिश का दौर चलने के बाद थोडी देर बारिश रुकी रही और उसके बाद ढाई बजे से फिर से बारिश का दौर शुरु हो गया और करीब आधे घंटे तक बारिश का दौर चला।

रुक-रुक बारिश का दौर चलते रहने व बादल छाएं रहने से मौसम में ठंडक का अहसास हुआ। वही बारिश की वजह से इस समय किसानों की खेतो में तैयार हुई बाजरे व ज्वार की फसलों का नुकसान होने लगा है। बारिश को देखते हुए किसान बाजरे व ज्वार की फसल की कटाई में लग गए है। पिछले दो दिन से हो रही बरसात ने कटी हुई फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है जिससे किसानों की करी करायी मेहनत पर पानी फिर गया है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**हिंडौन सिटी, (निस) ।** सूरौठ के चौधरिया का नंगला के पास गत रात ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की शिनाख्त के बाद शुक्रवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। सूरौठ थाना पुलिस के अनुसार रेलवे कस्बे के समीप चौधरिया का नगला के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ होने की सूचना मिली। सूचना के बाद थाना अधिकारी शरीफ अली एएसआई ओमी राय सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। इधर सूचना के बाद रेलवे पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को शिनाख्त के लिए शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया।

# शिक्षकों की कमी, ग्रामीणों ने स्कूल पर लगाया ताला

**बाप, (निसं)।** जोधपुर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोड में एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रद्द करने व शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर शुक्रवार को विद्यालय पर ताला जड़ प्रदर्शन किया। तालाबन्दी की सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दूरभाष पर ग्रामीणों व एसएमसी अध्यक्ष से बात कर प्रतिनियुक्ति रद्द करने का ठोस आश्वासन दिया, तब ग्रामीणों ने स्कूल पर लगा ताला खोल दिया जल्द आश्वासन मिलने की वजह से ज्यादा समय तक स्कूल बंद नही रही।

एसएमसी अध्यक्ष बशीर खान ने बताया कि स्कूल में एक शारीरिक शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर है। इसके


बाप के निकट जोड में स्कूल के मुख्य द्वार पर ग्रामीणों ने ताला लगाकर प्रदर्शन किया।

अलावा प्रिंसिपल सहित द्वितीय ग्रेड के विज्ञान, गणित व अंग्रेजी विषय के शिक्षक तथा प्रथम ग्रेड के राजनीतिक विज्ञान व उर्दू विषय के शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। जिस वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने व शारीरिक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ स्कूल के बच्चे भी धरने में बैठे। सूचना मिलने पर एसीबीईओ अशोक कुमार पुरोहित ने दूरभाष पर ग्रामीणों से बात की प्रतिनियुक्ति निरस्त करने व रिक्त पदों पर अध्यापकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया तब ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोल दिया।

अशोक कुमार पुरोहित, एसीबीईओ प्रथम, फलोदी का कहना है कि तालाबंदी होने नही दी। मैंने दूरभाष पर तुंरत बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त कर दिया था। शारीरिक शिक्षक को वापिस मूल स्थान भेजने के लिए पीईईओ को कह दिया है।


# स्टेशन मास्टर को हटाने के निर्देश जारी

- **शीघ्र ही होगा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, बनेगी नई बिल्डिंग, मिलेगी वेटिंग हॉल सहित आधुनिक सुविधाएं**
- **जोधपुर मण्डल की डीआरएम गीतिका पाण्डे ने सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया**
- **रेलवे स्टेशन पर गंदगी देख डीआरएम ने की कार्रवाई**

**सुजानगढ़, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मण्डल की डीआरएम गीतिका पाण्डे ने सुजानगढ पहुंच कर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा सफाई की अव्यवस्था को देख कर नाराजगी प्रकट की। डीआरएम ने स्टेशन मास्टर उमाराम चौधरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एडीएन को स्टेशन मास्टर को हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पानी की टूंटी में लिकेज व कैंटीन की दुकान बंद मिलने तथा स्टेशन परिसर में फालतू ड्रम रखा हुआ देख कर डीआरएम ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान स्टेशन मास्टर उमाराम चौधरी बार-बार सफाई दे रहे थे, लेकिन डीआरएम उनसे संतुष्ट नहीं हुई।

डीआरएम ने बताया कि सुजानगढ रेलवे स्टेशन के पूर्ण कायाकल्प के लिए रेल मंत्रालय से स्वीकृति मिल चुकी है। जिसके तहत यहां पर शीघ्र ही नई बिल्डिंग और वेटिंग हॉल सहित अनेक आधुनिक सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी। भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया, पार्षद पंकज घासोलिया, विजय चौहान, अरविन्द बोचीवाल, कमल डागा, दिग्विजय पाण्डे, हर्ष जालान, अनुराग अग्रवाल, संदीप पंवार आदि ने डीआरएम का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया, जबकि संतोष बेडिया ने शॉल ओढाया। किराणा मर्चेण्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष पवन माहेश्वरी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जोधपुर से गंगानगर वाया सुजानगढ होते हुए नई ट्रेन, मेडता रोड से बीकानेर वाया सुजानगढ होकर नई ट्रेन संचालित करने की मांग की गई है।

अग्रवाल मित्र मंडल संस्थान के हर्ष जालान ने ज्ञापन सौंपकर वोकल फोर लोकल को बढावा देने के लिए सुजानगढ रेलवे प्लेटफार्म पर स्थानीय उत्पादों की स्टॉल लगवाने की मांग की। उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर लाडनू रोड पर स्थित रेल फाटक संख्या सी 22 से सी 24 के मध्य आरयूबी निर्माण की मांग की। जिस पर डीआरएम ने कहा कि मेरे साथ आए एडीएन इस हेतु अलग से फिजिकल वेरीफिकेशन करेंगे। डीआरएम ने कहा कि इस हेतु जिले के सांसद से भी अनशंषा करवाई जा सकती है।


सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान डीआरएम को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता।

## देशनोक में रुकेंगी तीन ट्रेनें

**बीकानेर, (कासं) ।** नवरात्रि पर बीकानेर आने वाली तीन रेलगाड़ियों को दो नए स्टेशन पर रोका जा रहा है। इसमें दिल्ली से आने वाली रेल अब हरियाणा के कनिना खास स्टेशन पर रुकेगी जबकि बीकानेर-दादर और जोधपुर-जम्मूतवी को देशनोक पर रोका जाएगा।

गाडी संख्या 14707, बीकानेर-दादर रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 25 सितम्बर से तीस सितम्बर तक सवा आठ बजे आगमन कर 08.17 बजे प्रस्थान करेगी तथा एक अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक 11.40 बजे आगमन कर 11.42 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14708, दादर-बीकानेर रेल सेवा देशनोक स्टेशन पर दिनांक 24 सितम्बर से दिनांक 30 सितम्बर तक 10.28 बजे आगमन कर साढ़े दस बजे प्रस्थान करेगी तथा एक अक्टूबर से दिनांक चार अक्टूबर तक 13.31 बजे आगमन कर 13.33 बजे प्रस्थान करेगी।

गाडी संख्या 14888, बाडमेर-ऋषिकेश रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 25 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक 15.10 बजे आगमन कर 15.12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14887, ऋषिकेश-बाडमेर रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक 11.20 बजे आगमन कर 11.22 बजे प्रस्थान करेगी। तथा एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक 11 बजे आगमन कर 11.02 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 19225, जोधपुर-जम्मूतवी रेलसेवा देशनोक स्टेशन पर 25 सितम्बर से 30 सितम्बर तक 11.02 बजे आगमन कर 11.04 बजे प्रस्थान करेगी। एक अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक 10.34 बजे आगमन कर 10.36 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19226, जम्मूतवी-जोधपुर रेलसेवा देशनोक पर 24 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक 15.55 बजे आगमन कर 15.57 बजे प्रस्थान करेगी।

# भूमि पूजन से दो माह बाद भी सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं, लोगों में रोष

**हिण्डौन सिटी, (कासं.)।** सड़क निर्माण के लिये किये जा चुकेबभूमि पूजन के दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा 19 करोड़ की लागत से शहर के मुख्य मार्ग कोतवाली थाने से ओवरब्रिज तक और 27 करोड़ की लागत से 22 गांवों में बनने वाली सड़कों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। जिससे आमजन में रोष व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि इस सड़क के निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संवेदक दौसा की बालाजी इंफ्रास्टक्चर कंपनी को दिया गया है । दो माह गुजर जाने के बाद भी संवेदक द्वारा शुरू तक नही किया गया है । जबकि कार्य चालू करने के लिए तीन बार रिमाइंडर नोटिस भी दिया जा चुका है। उसके बावजूद भी संवेदक द्वारा ना तो आरएमसी का प्लांट लगाया गया है, ना ही किसी तरह का कार्य शुरू किया गया है । जबकि टेंडर होने के एक पखवाडे के अंदर संवेदक को निर्माण कार्य शुरू करना पडता है। गौरतलब है कि विधायक की अनुशंसा पर 19 करोड और 27 करोड की योजना से बनने वाली सड़कों का अनावरण विधायक भरोसी लाल द्वारा 2 माह पूर्व कर दिया गया और विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 दिन के अंदर में सडक निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि 27 करोड की लागत से बनने वाली सड़क से 22 गांव को सुगम रास्ता मिलना था और 19 करोड की लागत से हिंडौन शहर वासियों को कोतवाली से आरओबी तक सुगम रास्ता मिलना था, लेकिन संवेदक की लापरवाही और विभाग की सांठ-गांठ के चलते लोगों को जर्जर और बदहाल सडक से गुजरना पड़ रहा है।

आम जनता ने कहा कि सडक बने या ना बने, लेकिन अधिकारी और नेताओं के मकान जरूर बनेंगे। क्योंकि जब सरकार की तरफ से बजटपास हो गया है और सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए अनावरण कर दिया गया है, तो उसके बाद भी लेट जाती थी। का कारण क्या समझा जाए। प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग आवागमन करते हैं और जर्जर बदहाल सडक से लोगों को गुजरना पडता है। ऐसे में संवेदक और विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों मिलकर सांठ-गांठ कर आम जनता को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। विभाग द्वारा 19 करोड़ की लागत से बनने वाली सडक के लिए संवेदक को 14 करोड़ 91 लाख 89 हजार 342 रुपए का टेंडर 11 जुलाई 2022 को दिया गया। जिसमें 20 मई 2023 तक कार्य पूर्ण करने का अनुबंध है। सडक निर्माण के लिए विधायक द्वारा अनावरण भी कर दिया गया।


हिण्डौन में सर्किल के पास बदहाल पड़ी सड़कें।

## टक्कर से बैलगाड़ी पर सवार महिला की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** बैलगाडी पर सवार होकर खेत से आ रही हमीरवास थाने के गाँव नीमां निवासी एक महिला के वाहन चालक द्वारा तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के लगी टक्कर के कारण मौत हो गई। जिसका हमीरवास थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि संदीप कुमार पुत्र लीलुराम मेघवाल निवासी नीमां ने पुलिस थाना हमीरवास में इस आरोप की रिपोर्ट पेश की है कि 21 सितम्बर की शाम को उसका चाचा भादरराम, उसकी चाची सीता देवी बच्चों सहित बैलगाडी लेकर खेत से घर आ रहे थे, जो अपनी सही दिशा में सडक से नीचे चल रहे थे। उसी दौरान पिछे से एक गाडी बेहद तेज स्पीड से आई तथा उक्त गाडी के चालक ने अपनी गाडी को तेज गति एवं लापरवाही से चलाकर सही दिशा में चल रही उसके चाचा-चाची की बैलगाडी को टक्कर मार दी। जिससे बैलगाडी भी टुट गई तथा उसके चाचा-चाची एवं बच्चों के भी गंभीर चोटें आई।

घटना के बाद उसने अपनी चाची को राजगढ रैफरल अस्पताल में पहुँचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी चाची सीतादेवी 36 साल को मृत घोषित कर दिया। हमीरवास थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# 125 बीघा से अतिक्रमण हटा तो जयसमंद बांध में आया पानी


अतिक्रमण हटाने के बाद अलवर के जयसमंद बांध में पानी आना शुरू हो गया।

**अलवर, (निसं)।** दो दिन की बारिश के बाद शुक्रवार सुबह अलवर से लगते जयसमंद बांध में पानी की आवक हुई है। कुछ दिन पहले बांध की करीब 125 बीघा जमीन से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया था। उसके बाद अच्छी बारिश हुई तो बांध की ओर पानी आया।

जैसे ही रूपारेल नदी में पानी की आवक हुई। पानी बांध तक पहुंचा है। पहले अतिक्रमण के कारण बांध तक पानी नहीं आ पाता था। अलवर कलेक्टर खुद बांध की बाधाओं को हटाने के कार्यों की मॉनिटरिंग करने में लगे हैं ताकि यह सुखद तस्वीर आगे भी बनी रहे। अलवर कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने 31 जुलाई को जयसमंद बांध का मौका देखा था। इसके बाद तहसीलदार व टीम ने बांध के अतिक्रमण को चिह्नित किया। इसके बाद सितंबर माह में ही जयसमंद बांध से अतिक्रमण हटाया। करीब 125 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया। अलवर में चार साल पहले अच्छी बारिश के बाद जयसमंद बांध पानी से भर गया था लेकिन, कुछ दिन बाद बांध खाली भी हो गया था। असल में बांध के आस-पास बहुत अधिक संख्या में बोरवेल हैं। इस कारण बांध का पानी जमीन में चला गया। जानकारों का मानना है कि बांध में लगातार पानी आने पर बांध में पानी का रुकाव होगा।

अलवर यूआईटी जल्दी जयसमंद के सौंदर्यीकरण पर 75 लाख रुपए खर्च करेगी। यह राशि यूआईटी ने मंजूर कर दी है। जल्दी टेंडर जारी कर विकास के कार्य शुरू किए जाएंगे। इसके पीछे प्रशासन का मकसद है पर्यटन को बढ़ावा देना।